स्मार–पत्र

पत्रांक– 04 / वि0–16–136 / 2024 (403001) 1485

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

निदेशक (प्रशासन),

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी

बिहार।

पटना, दिनांक 20/07/2026

विषय :– विद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शालीन व्यवहार एवं गरिमामयी वातावरण के अनुपालन के संबंध में।

प्रसग .– विभागीय पत्रांक–2081 दिनांक 09.10.2024।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विद्यालयो एव अन्य शैक्षणिक संस्थानों मे शैक्षणिक गरिमा, अनुशासन एवं मर्यादित वातावरण बनाए रखने हेतु विभाग द्वारा पूर्व मे आवश्यक निर्देश निर्गत है।

2. विभिन्न माध्यमों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कतिपय विद्यालयो / शैक्षणिक संस्थानों में उक्त निर्देशों का समुचित अनुपालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे कृत्य विभागीय निर्देशों के उल्लंघन के साथ–साथ शैक्षणिक वातावरण एवं संस्थान की गरिमा को भी प्रभावित करते हैं।

3 अतः आपको पुन निर्देशित किया जाता है कि अपने जिले के अतर्गत सचालित सभी सरकारी विद्यालयो एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रासंगिक पत्र(छायाप्रति संलग्न) मे वर्णित सभी निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी शिक्षण / कार्यालय अवधि में गरिमायुक्त औपचारिक परिधान (Formal Dress) मे ही विद्यालय / शैक्षणिक सस्थान मे उपस्थित हों तथा विद्यालय परिसर मे किसी भी प्रकार की अमर्यादित अथवा शैक्षणिक गरिमा के प्रतिकूल गतिविधियों का संचालन न हो।

4. उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्रवाई से विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

Vijay 20/7/2026

निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक– 04 / वि0–16–136 / 2024 1485 पटना, दिनांक– 20/07/2026

प्रतिलिपि– सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Vijay 20/7/2026

निदेशक (प्रशासन)